सिद्धार्थ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में दीक्षांत समारोह का आयोजन

राज्यपाल ने छात्रों को लॉ के दिए गुर

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। बृहस्पतिवार को सिद्धार्थ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में स्थानीय दीक्षांत समारोह का आयोजन कॉलेज के ऑडिटोरियम में राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुभ आरंभ हुआ।दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा की गई। अतिथियों का स्वागत पुष्प एवं आईटीबीपी के बैंड के संगीत द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने सिद्धार्थ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के लॉ कॉलेज एवं फार्मेसी के सैकड़ो छात्र-छात्राओं को वर्ष 2022 एवं 23 की उपाधियां प्रदान की। इस दौरान राज्यपाल ने स्कॉलरस को उपाधि प्राप्त करने पर बधाई दी और सिद्धार्थ कॉलेज की उपलब्धियां का उल्लेख करते हुए जज एवं अन्य अनेक सेवाओं में चयनित होने पर विद्यार्थियों की प्रशंसा की। राज्यपाल ने लॉ, फार्मा एवं नर्सिंग विभागों को एक दुर्लभ संयोग बताया। इसके लिए उन्होंने सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद वर्मा को शिक्षा के मंदिर में अहम भूमिका निभाने को लेकर बधाई दी। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने स्थानीय दीक्षांत समारोह के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विधि व्यवसाय की नवीन प्रवृत्तियों के विकास के लिए महाविद्यालय से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाजसेवी सरवन वर्मा, जितेंद्र नेगी,आचार्य डॉ.अनिल पूर्विया, प्राचार्य डॉ.संजय कुमार, एडमिन डायरेक्टर डी के त्यागी सहित प्रोफेसर्स व छात्र उपस्थित थे।